हरिभूमि
मध्यांचल भूमि



नदी के रौद्ररूप को देखने लोगों की भीड

गिधौरी-शिवरीनारायण सहित आसपास के जिले में लगातार बारिश से गिधौरी-शिवरीनारायण में महानदी उफान पर है। पानी खतरे के निशान की ओर तेजी बे बढ रहा है महानदी का जलस्तर शबरी सेतु से करीबन मात्र एक फीट नीचे है क्षेत्र में लगातार पिछले चार पांच दिनों से हो रही बारिश तथा गंगरेल बांध से पानी छोडा गया है बलौदाबाजार जिले के सभी नदी- नालों पर नजर आने लगा है। गिधौरी शिवरीनारायण में बहने वाली महानदी पर प्रशासन लगातार नजर बनाए हुए है और लोगों को नदी से दूर रहने की अपील भी की जारही है। महानदी का रौद्र रुप देखने लोग नदी तट पर पहुंच रहे है और गिधौरी शिवरीनारायण महानदी शबरी सेतु पर बाढ़ का नजारा देखने लोगों की भीड देखी गई। शनिवार शाम 6 बजे तक बाढ़ का पानी बढते क्रम पर था और खतरे के निशान की ओर बढ रहा था। मौके पर पुलिस विभाग से कसडोल एसडीओपी कौसल किशोर वासनिक, टीआई नरेश दीवान यातायात, एस आई संदीप बंजारे गिधोरी प्रभारी, प्रधान आरक्षक भरत भूषड पठारी, आरक्षक सुजीत तम्खोली, मृतंजय महिलागे, प्रताप बंजारे, पन्ना जागड़े, राजु लकड़ा, तहसीलदार टुण्डरा युवराज कुर्रे, पटवारी कृष्ण कुमार मिरी, युगराजेशवर मौजूद थे।

गंगरेल से 2.5 लाख क्यूसेक पानी छोड़े जाने से शबरी सेतु डूबा

हरिभूमि न्यूज ⏭ गिधौरी

धमतरी के गंगरेल बांध से 14 गेट खोलने तथा 2.50 लाख क्यूसेक से ज्यादा पानी महानदी में छोडा गया है जिसका सीधा असर बलौदाबाजार जिले के ग्राम गिधौरी एवं आसपास के गांवो को बाढ का पानी से प्रभावित होना पडा ।क्षेत्र में लगातार चार पांच दिनो की लगातार बारिश से जनजीवन हुआ प्रभावितऔर गंगरेल बांध के गेट खोलने से गिधौरी-शिवरीनारायण महानदी का जलस्तर शनिवार को रौद्ररूप में थे और बाढ का पानी तेज रफ्तार से नीचले हिस्सों में भर रहा था गिधौरी कमें दुकानदार अपना अपना समान बडे वाहनों में उच्चे स्थान पर ले जाने की तैयारी में थे। महानदी में बाढ का पानी तेज बढने से गिधौरी से सारंगढ़ मार्ग पर घटमडवा नाला एवं गिधौरी से शिवरीनारायण महानदी शबरी सेतु पुल पर दोनो मार्ग को शासन प्रशासन पुलिस द्वारा आवागमन बंद कर दिया था।इधर गिधौरी से परसापाली नाला में बाढ का पानी भरने से आवागमन बाधित था। महानदी का जलस्तर लगातार बढने से गिधौरी के वट विश्राम रोड, दशहरा मैदान, पुराना बस स्टैंड और नीचले हिस्से का मकान दुकानों में पानी भर भरने लगा था धान के खेतो में भी बाढ का पानी से लबालब हो गया है गिधौरी शिवरीनारायण महानदी पुल खतरे के निशान पर चल रहा हैऔर नदी नाला उफान पर है।

जिले में भारी बारिश से उफान पर नदी-नाले,14 पुल-पुलियों पर आवागमन बंद

बलौदाबाजार। जिले में पिछले दो दिनों से रुक-रुककर हो रही बारिश के कारण नदी-नालों का जलस्तर तेजी से बढ़ गया है। कई स्थानों पर पुल-पुलियों और चेकडेम के ऊपर से पानी बहने के कारण बाढ़ की स्थिति निर्मित हो गई है। जिला प्रशासन ने एहतियातन जिले के 14 पुल-पुलियों पर आवागमन बंद कर दिया है। वहीं, बलदाकछार के डीपापारा, अमेठी तथा सिमगा विकासखंड के गणेशपुर में पानी बढ़ने से प्रभावित लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार पलारी विकासखंड के महानदी स्थित अमेठी घाट में पुल से करीब 12 फीट ऊपर पानी बह रहा है। टेमरी नाला में 4 फीट, छेरकाडीह नाला में 3 फीट तथा भाटापारा विकासखंड के सेमरिया घाट में पुल से 4 फीट ऊपर पानी है। सुहेला मार्ग के जमुनिया नाला पुल, बासीन नाला तथा भंवरगढ़-बरडीह मार्ग के जमुनिया नाला पुल पर करीब 2 फीट पानी बह रहा है। शिकारी-केशली मार्ग के जमुनिया नाला में भी पुल के ऊपर करीब 2 फीट पानी है। बलौदाबाजार विकासखंड के अचानकपुर चेकडेम में करीब 1 फीट तथा भलूकोना-हरदी पुल पर 2 फीट ऊपर पानी बह रहा है। इसी तरह सिमगा विकासखंड के चौरहा, नवागांव-चक्रवाय, लिमतरा-तरपोंगा तथा तरेंगा-कुलीपोटा मार्ग के पुलों पर भी करीब 2 फीट पानी बहने के कारण आवागमन बंद किया गया है।



कलेक्टर ने जारी किए कड़े निर्देश, अलर्ट पर राहत टीमें

कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने सभी एसडीएम और तहसीलदारों को बाढ़ की स्थिति वाले पुल-पुलियों पर लगातार निगरानी रखने के निर्देश दिए हैं। ग्रामीणों को सावधानी बरतने की सूचना कोटवारों के माध्यम से मुनादी कराकर देने तथा प्रभावित पुलों पर बैरिकेडिंग कर कर्मचारियों की तैनाती सुनिश्चित करने को कहा गया है। कलेक्टर ने जलभराव से प्रभावित गांवों के लोगों को आवश्यकता अनुसार सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही राहत एवं आपदा प्रबंधन, होमगार्ड और पुलिस की टीमों को अलर्ट रहने तथा किसी भी आपात स्थिति में तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। प्रशासन ने लोगों से जलमग्न पुल-पुलियों को पार नहीं करने और अनावश्यक रूप से नदी-नालों के समीप नहीं जाने की अपील की है।

पुलिस एवं प्रशासन द्वारा जिले के जलमग्न और बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में लगातार निगरानी की जा रही है। पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि भारी बारिश और जलभराव के दौरान उफनती नदियों, नालों, रपटों तथा पुल-पुलियों को पार करने का जोखिम न उठाएं। किसी भी आपात स्थिति या बाढ़ की सूचना तत्काल नजदीकी थाना अथवा डायल 112 पर देने की अपील की गई है।

बाढ़ में फंसे 28 ग्रामीणों और 9 मवेशियों को निकाला सुरक्षित



बलौदाबाजार। जिले में लगातार हो रही भारी बारिश के बीच कई निचले इलाकों में बाढ़ और जलभराव की स्थिति निर्मित हो गई। ऐसे में बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस, जिला प्रशासन और एसडीआरएफ की संयुक्त टीम ने विभिन्न थाना क्षेत्रों में रेस्क्यू अभियान चलाकर बाढ़ में फंसे 28 ग्रामीणों को सुरक्षित बाहर निकाला। इस दौरान गणेशपुर में 9 मवेशियों को भी सुरक्षित निकाला गया। पुलिस-प्रशासन की टीमें संवेदनशील क्षेत्रों में लगातार निगरानी बनाए हुए हैं। पुलिस अधीक्षक गौरव राय के निर्देशन में चलाए गए रेस्क्यू अभियान के तहत थाना सिमगा क्षेत्र के ग्राम गणेशपुर में अचानक बढ़े बाढ़ के पानी में 11 ग्रामीण फंस गए थे। सूचना मिलते ही सिमगा पुलिस, प्रशासन और एसडीआरएफ की संयुक्त टीम मोटरबोट एवं जीवनरक्षक उपकरणों के साथ मौके पर पहुंची। टीम ने सभी 11 ग्रामीणों को उनके जरूरी सामान तथा घर में मौजूद 9 बकरियों सहित सुरक्षित बाहर निकालकर राहत शिविर पहुंचाया।

बिजराडीह में 17 लोगों को निकाला: थाना गिधपुरी क्षेत्र के ग्राम बिजराडीह में मूसलाधार बारिश के कारण निचले इलाकों में पानी भर गया। यहां चार अलग-अलग परिवारों के महिला, पुरुष एवं बच्चों सहित 17 लोग बाढ़ में फंस गए थे। सूचना मिलने पर गिधपुरी पुलिस, प्रशासन एवं एसडीआरएफ की टीम ने तत्काल रेस्क्यू अभियान चलाया और सभी लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला।

बाढ़ में फंसे 120 लोगों का रेस्क्यू



बलौदाबाजार। जिले में पिछले दिनों हुई तेज बारिश के कारण नदी-नालों का जलस्तर बढ़ने से कई स्थानों पर बाढ़ की स्थिति निर्मित हो गई। जलभराव और बढ़ते पानी के बीच कुछ गांवों में फंसे 120 लोगों को जिला प्रशासन एवं आपदा राहत टीम की तत्परता से सुरक्षित रेस्क्यू कर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया। प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार तहसील कसडोल के ग्राम बल्दाकछार से 38, तहसील पलारी के ग्राम अमेठी से 44 और मोहान से 23, जबकि तहसील सिमगा के ग्राम गणेशपुर से 15 लोगों को सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट किया गया है। प्रशासन और राहत दल लगातार प्रभावित क्षेत्रों की स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं।बाढ़ आपदा से संबंधित सहायता, सूचना, बचाव एवं राहत कार्यों के लिए जिला प्रशासन ने जिला कंट्रोल रूम नंबर 07727-222454 जारी किया है। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि बाढ़ की स्थिति में तत्काल इस नंबर पर संपर्क करें। प्रशासन ने नागरिकों से नदी-नालों के किनारे नहीं जाने तथा गांव-मोहल्लों के आसपास जलभराव होने की स्थिति में तत्काल स्थानीय प्रशासन या जिला कंट्रोल रूम को सूचना देने की अपील की है। साथ ही जलस्तर बढ़ने वाले क्षेत्रों में प्रशासन द्वारा जारी सुरक्षा निर्देशों का पालन करने कहा गया है।

खबर संक्षेप

डैम में बहे युवक का 3 दिन बाद मिला शव

गिधौरी। बीते 24 सितम्बर को ग्राम बिलटिकरी निवासी सरजु चौहान पिता बाबुलाल चौहान 24 वर्ष अपने साथियों के साथ अर्जुनी महराजी के जंगल में पिकनिक मनाने गया हुआ था और सरजु चौहान स्नान करते समय महराजी डेम के पानी के तेज बहाव में बह गया था घटना की जानकारी तत्काल गिरौदपुरी पुलिस चौकी में दिया गया तथा पुलिस टीम एवं गोताखोरो के मदद से दो दिनो तक खोजबीन किया । किंतु युवक की पता नही चल ⏭ शेष पेज 12 पर

सूने मकान से चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ गिधौरी



थाना गिधौरी पुलिस द्वारा संपत्ति संबंधी अपराधों में संलिप्त अपराधियों एवं नकाबपोश चोरों के विरुद्ध लगातार कठोर कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में ग्राम कुम्हारी में सूने मकान का ताला तोड़कर चोरी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से शत-प्रतिशत चोरी का माल बरामद करने में सफलता मिली है। घटना एवं अपराध का विवरण-प्रार्थी संजय कुमार काठे (निवासी ग्राम कुम्हारी) द्वारा थाना उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि दिनांक 2 सितंबर से 4 सितंबर के मध्य अज्ञात चोर द्वारा उसके घर का ताला तोड़कर रात्रि में प्रवेश किया गया और घर में रखे पुराना इस्तेमाल टुल्लू मोटर पंप, एक नग गैस सिलेंडर, पुरानी साड़ियां, पीतल के बर्तन (बर्तन, गुंडी, कुकर, कड़ाही आदि) जुमला कीमती लगभग ⏭ शेष पेज 12 पर

रंगदारी न देने पर डेली नीड्स संचालक को डंडे से पीटा, दोनों आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ तिल्दा-नेवरा

तिल्दा-नेवरा पुलिस की लगातार कार्रवाई के बावजूद असामाजिक तत्वों के हौसले कम होते नजर नहीं आ रहे हैं। सासीहोली स्थित गोपाल पेट्रोल पंप के पास डेली नीड्स दुकान संचालक से शराब पीने के लिए पैसे मांगना और इनकार करने पर मारपीट करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने मामले में दो युवकों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार डेली नीड्स दुकान संचालक सूरज



पात्रे दुकान पर बैठा था। इसी दौरान तरुण कुमार यदु (22) और छबी निषाद (22) वहां पहुंचे और शराब पीने के लिए पैसे की मांग करने लगे। सूरज पात्रे ने पैसे देने से इनकार किया तो दोनों युवकों ने उसके साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी और डंडे से मारपीट कर मौके से फरार हो गए। घटना के बाद पीड़ित ने तिल्दा-नेवरा थाने पहुंचकर दोनों आरोपियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने मारपीट में इस्तेमाल किया गया डंडा भी जब्त किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ धारा 296, 119(1), 115(2), 351(2) एवं 3(5) बीएनएस के तहत कार्रवाई करते हुए न्यायालय में पेश किया, जहां से दोनों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

दोस्तों संग निकला 24 वर्षीय युवक उफनते नाले में बहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ तिल्दा-नेवरा



लगातार हो रही बारिश के बीच तिल्दा-कोहका-राजिया मार्ग पर एक दर्दनाक हादसा हो गया। शुक्रवार की रात ग्राम खुडमुड़ी से अपने जीजा के घर से दोस्तों के साथ लौट रहा 24 वर्षीय युवक अंकित पाठक उफनते नाले को पार करने के दौरान तेज बहाव में बह गया। उसके दोनों दोस्तों ने उसे बचाने की कोशिश की, लेकिन तेज बहाव रात को अंधरा होने के कारण वे उसे पकड़ नहीं सके। और देखते ही देखते अंकित पानी में ओझल हो गया। बताया गया कि बिरगांव निवासी अंकित पाठक अपने दोस्तों के साथ ग्राम खुडमुड़ी में अपने जीजा के घर घूमने आया था। रात करीब 9 बजे जब वह दोस्तों के साथ वापस निकलने लगा तो जीजा ने बारिश और नाले में तेज बहाव को देखते हुए रुक जाने की सलाह दी थी, लेकिन अंकित दोस्तों के साथ घर से निकल गया। प्रत्यक्ष जानकारी के मुताबिक, नाले पर बनी छोटी पुलिया के ऊपर से पानी तेज गति से बह रहा था। इसके बावजूद तीनों युवक एक-दूसरे का हाथ पकड़कर नाला पार करने लगे। इसी दौरान अचानक अंकित का हाथ दोस्तों से छूट गया और वह तेज बहाव में बह गया। दोस्तों ने उसे बचाने का प्रयास किया, लेकिन अंधेरा और पानी का तेज बहाव उनके लिए बड़ी बाधा बन गया। हादसे के बाद दोनों युवक किसी तरह नाला पार कर गांव पहुंचे और ग्रामीणों को घटना की जानकारी दी। सूचना मिलने पर पुलिस प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची, लेकिन रात और अंधेरे के कारण तत्काल तलाश अभियान आगे नहीं बढ़ाया जा सका। ⏭ शेष पेज 12 पर

नया बस स्टैंड में सार्वजनिक शौचालय व स्नानागार का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार



नया बस स्टैंड क्षेत्र में यात्रियों एवं आम नागरिकों की सुविधा के लिए नगर पालिका द्वारा नवनिर्मित सार्वजनिक सह सामुदायिक शौचालय एवं स्नानागार का लोकार्पण किया गया। अधोसंरचना मद से निर्मित इस सुविधा का शुभारंभ नगर पा लि का अध्यक्ष अशोक जैन ने पूजा-अर्चना एवं फीता काटकर किया। इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष जितेंद्र महले, मुख्य नगर पालिका अधिकारी आशीष तिवारी, सभापति, पार्षदगण एवं अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। लोकार्पण के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष ने प्रसाधन व्यवस्था का निरीक्षण कर लोगों को बेहतर एवं सुविधाजनक सेवा उपलब्ध कराने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। बताया गया कि नया बस स्टैंड क्षेत्र में सार्वजनिक शौचालय एवं स्नानागार की सुविधा उपलब्ध कराने की मांग यात्रियों और आसपास के व्यापारियों द्वारा लंबे समय से की जा रही थी। इसी आवश्यकता ⏭ शेष पेज 12 पर

- नगरपालिका अध्यक्ष सहित जनप्रतिनिधियों ने किया शुभारंभ

लोगों ने की शोर बंद कराने की मांग

रात 1 बजे तक गूंजता रहा डीजे-धमाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

जिला मुख्यालय में शुक्रवार देर रात तक डीजे और धमाल की तेज आवाज से आमजन परेशान रहे। शहर के विभिन्न हिस्सों में देर रात करीब 1 बजे तक तेज आवाज में डीजे बजने की बात सामने आई। कानफोड़ू शोर के कारण आसपास रहने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। विशेषकर बुजुर्गों, बच्चों और देर रात आराम करने वाले लोगों को तेज ध्वनि से असुविधा हुई। बताया गया कि देर रात तक डीजे और धमाल बजने से परेशान कुछ नागरिकों ने पुलिस कंट्रोल रूम में फोन कर इसकी सूचना दी तथा तेज आवाज को बंद करवाने का आग्रह किया। नागरिकों का कहना है कि त्योहार और सार्वजनिक आयोजनों के दौरान निर्धारित नियमों का पालन आवश्यक है। इसके बावजूद देर रात तक तेज आवाज में डीजे बजने से ध्वनि प्रदूषण की स्थिति बनी रही।लोगों ने प्रशासन और पुलिस से त्योहारों के दौरान डीजे एवं धमाल की निगरानी के लिए प्रभावी व्यवस्था करने तथा निर्धारित समय और ध्वनि सीमा का पालन सुनिश्चित कराने की मांग की है।

ध्वनि प्रदूषण से परेशान रहे शहरवासी



अनुमति और समय सीमा पर उठे सवाल

देर रात तक डीजे बजने की घटना को लेकर यह सवाल भी उठ रहा है कि संबंधित आयोजन के लिए सक्षम प्रशासनिक अनुमति ली गई थी या नहीं और यदि अनुमति थी तो उसमें डीजे संचालन के लिए कौन-सी समय सीमा और शर्तें निर्धारित की गई थीं। आम नागरिकों का कहना है कि सार्वजनिक आयोजनों में उत्सव की अनुमति के साथ-साथ आसपास रहने वाले लोगों की सुविधा और ध्वनि प्रदूषण के नियमों का भी ध्यान रखा जाना चाहिए। नागरिकों के अनुसार, यदि निर्धारित समय के बाद भी तेज आवाज में डीजे बजता रहा और शिकायत के बावजूद तत्काल प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई, तो यह प्रशासन की निगरानी व्यवस्था पर भी सवाल खड़े करता है।

कोटा नाले में बहता दिखा व्यक्ति

घटना के 15 घंटे बाद शनिवार दोपहर उस समय हलचल मच गई, जब कोटा नाले में एक व्यक्ति को पानी के तेज बहाव में बहते हुए देखा गया। व्यक्ति को देखते ही आसपास के ग्रामीण बड़ी संख्या में कोटा नाले के ऊपर बनी पुलिया पर पहुंच गए। सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई है।बताया जा रहा है कि जिस स्थान पर व्यक्ति को बहते हुए देखा गया है, वह रात में युवक के बहने वाले स्थान से करीब 3 किलोमीटर दूर है। ऐसे में आशंका जताई जा रही थी है कि कहीं यह वही अंकित तो नहीं, जो शुक्रवार रात तिल्दा-कोहका-राजिया के बीच उफनते नाले को पार करते समय तेज बहाव में बह गया था। व्यक्ति के बहते दिखाई देने के बाद ग्रामीणों के बीच तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं। कुछ लोगों का अनुमान है कि संभव है कि तेज बहाव में बहने के बाद युवक कहीं किनारे या किसी स्थान पर फंस गया हो और पानी बढ़ने के बाद दोबारा बहाव में आ गया हो। वहीं कुछ लोग यह संभावना भी जताते रहे कि युवक ने रातभर किसी पेड़, झाड़ी या अन्य सहारे को पकड़कर खुद को बचाए रखा हो और कमजोर पड़ने के बाद वह फिर पानी के तेज बहाव में बह गया हो। खबर मिली तो पुलिस और ग्रामीण कोटा नाले के पास जुट गए। उसके बाद एनडीआरएफ की टीम नाले में उतरी लेकिन अंकित का कोई पता नही चला ।

खबर संक्षेप



रानीसागर में सुपोषण दिवस का आयोजन

खरोरा। ग्राम रानीसागर के आंगनवाड़ी केंद्र क्रमांक 3 में शनिवार को भव्यता के साथ मनाया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि तानसिंग साहू सरपंच, विशिष्ट अतिथि हमीन साहू, उपसरपंच अंजू तुर्की के दुवारा विद्या की देवी मां सरस्वती के छाया चित्र पर माल्यार्पण, श्रीफल, दीप प्रज्वालित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। अतिथियों दुवारा सुपोषण के बारे मे विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान किया एवं अतिथियों दुवारा सभी का सम्मान किया गया। इस कार्यक्रम मे आँगनबड़ी कार्यकर्त्ता पूर्णिमा साहू, सहायिका सोनी साहू, बनरसी की कार्यकर्त्ता सुमन साहू, पूजा साहू एवं मितानिन ज्योति साहू एवं ग्रामीण महिला प्रेमिन, मोना, सोनम, ऋतु, टामिन, लक्ष्मी, हेमबती, कुमारी बाई, बेदन साहू एवं किशोरी बालिका कुमारी रेशमा, पीहुल, तेजकुमारी, रेणुका साहू आदि इस कार्यक्रम मे शामिल हुए।

छड़िया समिति में रोपे गए 25 फलदार व छायादार पौधे



खरोरा। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण कार्यक्रम आज दिनांक 25 सितंबर को प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति छड़िया पंजीयन क्रमांक 641 में बारिश के रिमझिम रिमझिम वर्षा के फब्बारे के साथ 25 नग फलदार एवं छायादार वृक्षों का रोपण किया गया जिसमें संस्था के प्राधिकृत नकुलराम वर्मा, प्रभारी समिति प्रबंधक चैनु राम साहू, समिति कर्मचारी करण नेताम, ओमप्रकाश साहू, जसवंत साहू, मंशाराम, मोहन वर्मा एवं राजेंद्र साहू सदस्य गण मौजूद रहे। संस्था के अध्यक्ष ने अपने संबोधित में कहा कि पेड़ हमारी जीवनदायनी हैं। बिना पेड़ के जीवन संभव नहीं हैं इसलिए सबको पेड़ लगाना चाहिए।

मोबाइल खरीदने की बात पर बेटे ने की मां से मारपीट

महासमुंद। ग्राम कुड़ेकेल में मोबाइल खरीदने की बात को लेकर बेटे ने अपनी मां के साथ मारपीट कर दी। पुलिस को प्रार्थिया मंजू सिदार ने बताया कि 24 सितंबर की सुबह करीबन 08 बजे उसके बेटे डिलेश्वर सिदार ने मोबाईल खरीदने की बात को लेकर बहस करते हुए अचानक पास में रखे ईंट के टुकड़े से मार दिया। वहीं दूसरे दिन आरोपी ने प्रार्थिया की बहू सरिता सिदार के साथ भी मोबाईल लेने की बात को लेकर गाली गलौज किया। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 296 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

22 गांवों में मुनादी, स्थिति फिलहाल नियंत्रण में

बाढ़ को लेकर प्रशासन अलर्ट तटीय गांवों में कराई मुनादी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव

प्रदेश में लगातार हो रही बारिश के बीच नदी-नालों और जलाशयों के बढ़ते जलस्तर को देखते हुए सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिला प्रशासन ने बाढ़ की संभावित स्थिति से निपटने के लिए निगरानी और नियंत्रण व्यवस्था को सक्रिय कर दिया है। कलेक्टर पद्मिनी भोई साहू ने जिले के सभी अनुविभागीय अधिकारियों, तहसीलदारों और संबंधित मैदानी अमले को संवेदनशील एवं निचले क्षेत्रों पर लगातार नजर रखने तथा आवश्यकता पड़ने पर तत्काल राहत एवं बचाव की कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। जिला मुख्यालय के साथ तहसील एवं विकासखंड स्तर पर भी बाढ़ नियंत्रण व्यवस्था सक्रिय रखी जा रही है, ताकि किसी भी आपात स्थिति में सूचना और सहायता तत्काल उपलब्ध कराई जा सके। कलेक्टर ने एसडीएम, जल संसाधन विभाग और सभी एसडीएम तहसीलदारों की वर्चुअल बैठक लेकर लगातार बारिश और बाढ़ की स्थिति समीक्षा की और तैयारियों की विस्तृत जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए।



जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता श्री जे.एस. वारे ने बताया कि 26 सितंबर को शाम 4 बजे कलमा बैराज का जलस्तर 195.85 मीटर दर्ज किया गया है। बैराज का पूर्ण जलाशय स्तर 197 मीटर तथा खतरे का जलस्तर 198.50 मीटर है। वर्तमान में कलमा बैराज के 66 गेट पूर्ण रूप से खुले हैं और कोई भी गेट बंद नहीं है। बैराज में पानी का आवक एवं जावक प्रवाह 4,960.623 घन मीटर प्रति सेकंड यानी 1,75,159.59 क्यूसेक दर्ज किया गया है। दोपहर 2 बजे कलमा बैराज का जलस्तर 195.50 मीटर था, जो शाम 4 बजे बढ़कर 195.85 मीटर हो गया है। वहीं हीराकुंड जलाशय के 16 गेट खुले हैं और वहां से 3,00,432 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है। जलप्रवाह और जलस्तर की स्थिति को देखते हुए संबंधित विभागों द्वारा लगातार निगरानी की जा रही है।जिले में साराडीह बैराज की स्थिति पर भी प्रशासन की नजर बनी हुई है। नदी किनारे बसे गांवों और निचले क्षेत्रों में मैदानी अमले को सक्रिय किया गया है। सरिया क्षेत्र के 22 बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में ग्रामवार मुनादी कराकर ग्रामीणों को नदी-नालों से दूर रहने और जलस्तर बढ़ने की स्थिति में सावधानी बरतने की जानकारी दी गई है। सारंगढ़ एसडीएम उमेश ने बताया कि संबंधित गांवों के पंच, सरपंच एवं अन्य जनप्रतिनिधियों से लगातार संपर्क बनाए रखा गया है और स्थानीय स्तर पर स्थिति की जानकारी ली जा रही है। वर्तमान में जिले में बाढ़ की स्थिति नियंत्रण में है। इधर बिलाईगढ़ एसडीएम ऋचा सिंह ने बताया कि बिलाईगढ़ एवं भटगांव क्षेत्र में महानदी के किनारे स्थित बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में जलस्तर और बाढ़ की स्थिति पर सतत निगरानी रखी जा रही है।

भालूकोना के दो रपटे डूबे, सड़ी-तिल्दा मुख्य मार्ग पर आवागमन बाधित



हिरमी रावन। सड़ी से तिल्दा मुख्य मार्ग पर भालूकोना के पास स्थित दो रपटों पर बारिश का पानी भर जाने से शनिवार को आवागमन बाधित रहा। लगातार बारिश के बाद रपटों के ऊपर से तेज गति से पानी बहने लगा, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा। पानी का बहाव अधिक होने के कारण लोगों को जोखिम उठाकर मार्ग पार करना पड़ा। स्थानीय लोगों के अनुसार, सड़ी, भालूकोना, मोहरा सहित आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में ग्रामीण तिल्दा क्षेत्र की ओर आवागमन करते हैं। मार्ग पर स्थित दोनों रपटे बारिश के दिनों में पानी में डूब जाते हैं, जिससे आवागमन प्रभावित होना आम समस्या बन गई है। शनिवार को भी पानी बढ़ने के बाद दोपहिया वाहन चालकों और राहगीरों को रपटे के दोनों ओर रुकना पड़ा। कुछ लोग पानी कम होने का इंतजार करते नजर आए। ग्रामीणों का कहना है कि यह मार्ग क्षेत्र के कई गांवों को तिल्दा से जोड़ता है।

नशामुक्त समाज के लिए विधिक जागरूकता शिविर आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बलौदाबाजार द्वारा नालसा की डॉन नशामुक्त भारत योजना-2025 के तहत जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। शिविर में पैरा लीगल वालेंटियर्स एवं न्यायालय में उपस्थित पक्षकारों को नशीली दवाओं के दुरुपयोग से होने वाले कानूनी, सामाजिक एवं पारिवारिक दुष्प्रभावों की जानकारी दी गई।

- डॉन योजना के तहत 50 लोगों ने लिया हिस्सा

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट गिरीश पाल सिंह ने नशे के दुष्प्रभावों और इससे जुड़े कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी। उन्होंने युवाओं और समाज के कमजोर वर्गों को नशे के प्रति जागरूक करने तथा जरूरत पड़ने पर नशामुक्ति एवं पुनर्वास सेवाओं से जुड़ने की आवश्यकता बताई।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव आलोक पाण्डेय ने डॉन योजना के उद्देश्यों के साथ निःशुल्क विधिक सहायता, विधिक परामर्श एवं उपलब्ध सहयोग के बारे में जानकारी दी। उन्होंने पैरा लीगल वालेंटियर्स को निर्देशित किया कि वे अपने कार्यक्षेत्र में नशे से प्रभावित व्यक्तियों एवं उनके परिवारों को विधिक और पुनर्वास सेवाओं की जानकारी उपलब्ध कराएं तथा संबंधित विभागों से समन्वय करें।

शिविर में करीब 50 लोगों ने सहभागिता की। इस दौरान नशे के दुष्परिणामों, विधिक प्रावधानों, नशामुक्ति एवं पुनर्वास सुविधाओं तथा निःशुल्क विधिक सेवाओं के संबंध में जागरूक किया गया।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा बताया गया कि डॉन अभियान के माध्यम से नशे के विरुद्ध जन-जागरूकता बढ़ाने और प्रभावित व्यक्तियों को विधिक सहायता एवं पुनर्वास सुविधाओं से जोड़ने के लिए निरंतर गतिविधियां संचालित की जा रही हैं।

तिल्दा-नेवरा में 16 दिवसीय अग्रसेन जयंती उत्सव आज से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा-नेवरा

जहां आधुनिक दौर में रिश्ते मोबाइल की स्क्रीन तक सिमटते जा रहे हैं, वहीं तिल्दा-नेवरा में अग्रसेन जयंती का उत्सव रिश्तों, संस्कारों और सनातन संस्कृति को फिर से मंच पर जीवंत करने जा रहा है। अग्रसेन महाराज की जयंती के उपलक्ष्य में अग्रवाल महिला मंडल के तत्वावधान में नए अग्रसेन भवन में 27 सितंबर से से 16 दिवसीय कार्यक्रम का शुभारंभ होने जा रहा है। उत्सव में केवल मनोरंजन ही नहीं, बल्कि बच्चों को संस्कारों से जोड़ने, परिवार के रिश्तों की अहमियत बताने और भारतीय संस्कृति की विरासत को नई पीढ़ी तक पहुंचाने की पहल की गई है। अग्रवाल महिला मंडल की अध्यक्ष नीलम अग्रवाल ने बताया कि प्रतिवर्ष की परंपरा के अनुसार इस वर्ष भी अग्रसेन महाराज की जयंती धूमधाम और उत्साह के साथ मनाई जा रही है। 16 दिनों तक विभिन्न धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।इस बार का सबसे अनूठा और भावनात्मक आयोजन 'रिश्तों का रैंप' होगा। आमतौर पर रैंप वॉक में प्रतिभागी सज-धजकर मंच पर आते हैं, लेकिन यहां रैंप पर फैशन से ज्यादा रिश्तों की खूबसूरती दिखाई देगी। बेटी अपने पिता के साथ और बेटा अपनी मां के साथ रैंप वॉक करता नजर आएगा।



'इतिहास से विरासत तक' में दिखेगा गौरवशाली अतीत

दूसरे आयोजन में 'इतिहास से विरासत तक' थीम पर फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता होगी। इसमें बच्चे प्राचीन काल के राजा-रानी, समाजसेवी, गणितज्ञ और ऐतिहासिक एवं पौराणिक कथाओं से जुड़े पात्रों की वेशभूषा में मंच पर अपनी प्रस्तुति देंगे। इस आयोजन के जरिए बच्चों को देश के इतिहास और गौरवशाली विरासत से परिचित कराने का प्रयास किया जाएगा।

'स्वर सनातन' में बच्चे सुनाएंगे धार्मिक स्लोगन

रविवार को होने वाले कार्यक्रमों में 'स्वर सनातन' प्रमुख आकर्षण रहेगा। इसमें बच्चे धार्मिक स्लोगन और सनातन संस्कृति से जुड़े संदेश प्रस्तुत करेंगे। आयोजन का उद्देश्य बच्चों को पूजा-पाठ और धार्मिक संस्कारों से जोड़ना है, ताकि आधुनिकता के बीच भी भारतीय संस्कृति और परंपराओं की जड़ें मजबूत बनी रहें।

चित्रकला और भाषण प्रतियोगिता में विजेताओं को मिला पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोपालपुर

विकासखण्ड बिलाईगढ़ अंतर्गत संकुल केंद्र रोहिना में संकुल स्तरीय चित्र कला और भाषण प्रतियोगिता आयोजित किया गया जिसमें शास प्राथ शाला रोहिना, पिपरभावना ते, मधुबन खुर्द,हरदी, धोबनी डीह और शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय रोहिना के छात्र छात्राओं ने भाग लिया।

विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी श्री एस एन साहू बिलाईगढ़ के आदेशानुसार कार्यक्रम का आयोजन किया गया । सेवा संकल्प अभियान के तहत मेरे सपनों का भारत विषय पर चित्र कला और भाषण प्रतियोगिता सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के अध्यक्ष गौरीशंकर कर्ष संकुल समन्वयक एवं भरत लाल साहू प्रभारी प्रधान पाठक के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन कमलेश खटकर



शिक्षक, निर्णायक मंडल में रामदुलार निराला, उत्कृष्ट प्रधान पाठक शासकीय प्राथमिक शाला हरदी भ, राजकुमार भास्कर, गणपत खूंटे, अरूण कुमार भारती रहे। चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अन्नू, द्वितीय स्थान राधा शास पूर्व माध्यमिक विद्यालय रोहिना, प्राथमिक शाला से प्रथम स्थान निधि खटकर, द्वितीय स्थान लीशा बर्मन और भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कुमारी राधिका द्वितीय स्थान शिवम खूंटे पूर्व माध्यमिक विभाग एवं प्राथमिक विभाग में प्रथम स्थान शुभम खूंटे शासकीय प्राथमिक शाला हरदी भ द्वितीय स्थान ताहिरा बंजारे शासकीय प्राथमिक शाला धोबनी डीह, भूमेश बंजारे रोहिना रहे। कार्यक्रम में शामिल होने वाले प्रतिभागी अपने विद्यालय में अच्छा प्रदर्शन करते हुए चयनित होकर संकुल स्तरीय इस सेवा संकल्प अभियान कार्यक्रम में उपस्थित हुए जिसमें शिवम खूंटे, दिव्यांश यादव, ताहिरा बंजारे, शुभम खूंटे, नीरा चौहान, दिखलेश कुर्रे, भूमेश बंजारे, कुमारी राधिका, गुंजन जांगड़े, प्रिन्सी खूंटे, शनि साहू, खगेन्द्र, रोशनी सिदार, सीमा साहू, नीरा चौहान, लीशा बर्मन, निधि खटकर आदि शामिल हुए।सभी विजेताओं को पारितोषिक तथा प्रमाणपत्र प्रदान किया गया। सभी प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। सभी बच्चों, शिक्षकों जनप्रतिनिधियों के लिए स्वल्पाहार की व्यवस्था किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में रवि प्रभा साहू, मनीष कुमार साहू, सविता साहू, माहेश्वरी जोल्हे, जीतेन्द्र देवांगन, नागेश्वर मांझी, रानू लहरे, पुजा खूंटे और सभी बच्चों का सहयोग सराहनीय रहा।

घर के सामने से बाइक चोरी

महासमुंद। घर के सामने खड़ी बाइक चोरी के मामले में बागबाहरा थाने में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध मामला दर्ज किया गया है। पुलिस को हाथीबाहरा निवासी भेखलाल चंद्राकर ने बताया कि 24 सितंबर की रात करीबन 09 बजे अपने पोल्ट्री फार्म से वापस घर आकर मोटर सायकल क्रमांक सीजी 06 जीवी 6002 को घर के सामने खड़ा किया था। 25 सितंबर की सुबह 5 बजे देखा तो बाइक उक्त जगह पर नहीं थी, जिसे किसी अज्ञात व्यक्ति ने चोरी कर लिया।

नया बस स्टैंड के यात्री प्रतीक्षालय व्यावसायिक परिसर का निरीक्षण

बलौदाबाजार। नगरपालिका द्वारा अधोसंरचना मद से नया बस स्टैंड परिसर में कराए जा रहे यात्री प्रतीक्षालय एवं व्यावसायिक परिसर के निर्माण कार्य का नगरपालिका अध्यक्ष अशोक जैन ने पार्षदों एवं अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्य की गुणवत्ता का जायजा लेने के साथ यात्रियों की सुविधा के लिए बनाए जा रहे प्रतीक्षालय का भी अवलोकन किया।

निरीक्षण के दौरान नगरपालिका अध्यक्ष अशोक जैन ने यात्री प्रतीक्षालय में आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने यात्रियों के लिए पेयजल की समुचित व्यवस्था



करने के साथ सुरक्षा एवं सुविधा की दृष्टि से सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने की बात कही। मुख्य नगरपालिका अधिकारी आशीष तिवारी ने बस स्टैंड परिसर एवं आसपास के क्षेत्र का निरीक्षण किया। इस दौरान बेतरतीब तरीके से खड़े वाहनों और अतिक्रमण की स्थिति को देखते हुए आवश्यक कार्रवाई के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान नगरपालिका उपाध्यक्ष जितेंद्र महले, सभापति जितेंद्र डड़सेना, हरजीत सिंह सलूजा, कन्हैया सेन, मनोज कांत पुरेना, आदित्य गुप्ता, पार्षद रोहित साहू, सतीश पटेल, लोकेश चेलक, डिगेश्वरी रविंद्र नामदेव, पार्षद प्रतिनिधि शशि भूषण शुक्ला, सुभाष राव, रवि फेकर, पोषण पटेल, विधायक प्रतिनिधि हरिशंकर श्रीवास सहित नगरपालिका के उप अभियंता रितेश स्थापक, कमलेश्वरी जायसवाल, अमित वर्मा, लेखपाल दुर्गेश साहू, गुरुदत्त तिवारी एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

पेज 11 के शेष

डैम में बहे ...

सका था इसी दौरान तीन दिन बाद शक्ति जिले हसौद थाना अंतर्गत के ग्राम मरघट्टी (मिरौनी डेम) के पास एक अज्ञात युवक की लाश पानी में तैरते हुए ग्रामीणों की नजर पडी और घटना की जानकारी आसपास के लोगों को खबर लगते ही पतासाजी किया गया और महराजी डेम मे.बहा युवक सरजु चौहान की परिजनों को अज्ञात युवक की खबर दिया गया। तथा मौके पर पहुंचे मृतक युवक की परिजनों ने शव की पहचान सरजु चौहान के रूप शिनाख्त की गई। मामले जानकारी कोसीर थाना में सुचना दिया गया और पुलिस मौके पर पहुंचकर शव की पंचनामा कार्यवाही कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

सूने मकान से...

25,000 की चोरी कर ली गई है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना गिधौरी में धारा 331(4),305(a) बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस कार्यवाही एवं आरोपी की गिरफ्तारी-विवेचना के दौरान अज्ञात आरोपी की पतासाजी के लिए गांव में मुखबिर तैनात कर आसपास के संदिग्धों से गहन पूछताछ शुरू की गई। जांच एवं मुखबिर सूचना के आधार पर पता चला कि गांव के ही निवासी दुर्गेश नवरत्न द्वारा चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है। घटना के बाद आरोपी गिरफ्तारी के डर से अन्य राज्य कमाने-खाने भाग गया था। पुलिस टीम द्वारा आरोपी पर सतत नजर रखी जा रही थी। दिनांक 25 सितंबर को मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपी गांव लौटा हुआ है। सूचना मिलते ही तत्काल पुलिस टीम द्वारा आरोपी के सकुनत (ठिकाने) पर दबिश देकर उसे हिरासत में लिया गया। गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।

दोस्तों संग निकला...

सुबह एनडीआरएफ की टीम ने भी तलाश की लेकिन पता नहीं चल पाया। - नाला आगे जाकर हो जाता है काफी गहरा जिस स्थान पर हादसा हुआ, वहां नाला अपेक्षाकृत छोटा दिखाई देता है, लेकिन आगे जाकर इसका आकार काफी बड़ा हो जाता है। पिछले करीब 36 घंटे से लगातार हो रही बारिश के कारण नाले में पानी का बहाव काफी तेज था। फिलहाल अंकित की तलाश जारी है। पुलिस ने नाले से लगे गांवों में मुनादी कराकर ग्रामीणों को युवक के बह जाने की जानकारी दी है।

नया बस स्टैंड...

को देखते हुए नगर पालिका द्वारा यहां सार्वजनिक सुविधा का निर्माण कराया गया है। इससे बस स्टैंड आने वाले यात्रियों, स्थानीय व्यापारियों एवं आम नागरिकों को सुविधा मिलेगी। कार्यक्रम में सभापति जितेंद्र डड़सेना, हरजीत सिंह सलूजा, कन्हैया सेन, मनोजकांत पुरेना, आदित्य गुप्ता, पार्षद रोहित साहू, सतीश पटेल, लोकेश चेलक, डिगेश्वरी रविंद्र नामदेव, पार्षद प्रतिनिधि शशिभूषण शुक्ला, सुभाष राव, रवि फेकर, पोषण पटेल, विधायक प्रतिनिधि हरिशंकर श्रीवास सहित नगर पालिका के उप अभियंता रितेश स्थापक, कमलेश्वरी जायसवाल, अमित वर्मा, लेखपाल दुर्गेश साहू एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

दिव्यांगजनों के हौसलों को मिले पंख, चेहरों पर लौटी मुस्कान

दिव्यांगों को मिले कृत्रिम अंग व कैलिपर्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत दिब्यांगजनों के लिये कृत्रिम अंग, कैलिपर्स, रिप्लिंट वितरण शिविर केवल कार्यक्रम नहीं, बल्कि किसी के जीवन में फिर से चलने, खड़े होने और आत्मनिर्भर बनने के साथ ही उनके हौसलों औऱ उम्मीद को बढ़ाने वाला था। को विश्वास मिला। 21 सितंबर से 25 सितंबर तक जिले के जनपदों में आयोजित सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत दिव्यांगजनों के लिए कृत्रिम अंग, कैलिपर्स एवं सप्लिंट निर्माण एवं प्रदाय के शिविर लगाए गए। इन शिविरों में कहीं किसी ने वर्षों बाद अपने पैरों पर खड़े होने की कोशिश की तो कहीं किसी ने पहली बार यह महसूस किया कि अब उसकी मंजिल उससे दूर नहीं है। किसी के लिए यह एक कृत्रिम हाथ था, लेकिन उस हाथ में फिर से अपने



परिवार का हाथ थामने की उम्मीद थी। किसी के लिए कैलिपर्स थे, लेकिन उनके सहारे केवल कदम नहीं, आत्मविश्वास भी आगे बढ रहा था। किसी के लिए सप्लिंट था, लेकिन उसके साथ जीवन को सामान्य गति से जीने का सपना जुड़ा था। शिविर में जब दिव्यांगजनों को उनकी आवश्यकता के अनुसार कृत्रिम अंग पहनाकर खड़ा किया गया, तो उनके चेहरे पर दिखाई देने वाली मुस्कान किसी प्रमाण-पत्र या आंकड़े से कहीं बड़ी थी। कई परिवारों के लिए यह क्षण भावुक कर देने वाला था। वर्षों से अपने प्रियजन को कठिनाइयों के साथ जीवन जीते देखने वाले परिजनों की आंखों में भी उम्मीद की चमक दिखाई दी। जनपद पंचायत बलौदाबाजार, भाटापारा, पलारी, सिमगा एवं कसडोल में इन पांच दिनों में शिविरों ने यह संदेश दिया कि दिव्यांगता किसी व्यक्ति के सपनों की सीमा नहीं है। सही सहयोग, उचित तकनीक और संवेदनशील प्रयास किसी के जीवन की दिशा बदल सकते हैं। सेवा संकल्प अभियान का उद्देश्य केवल कृत्रिम अंग देना नहीं था। उद्देश्य था किसी को फिर से अपने पैरों पर खड़ा करना, किसी के हाथों में फिर से सामर्थ्य देना और उनके भीतर यह विश्वास जगाना कि उसके सपनों की उड़ान अभी बाकी है। कभी-कभी किसी के जीवन में बदलाव लाने के लिए बहुत बड़ी चीज की आवश्यकता नहीं होती। एक प्रयास, एक सहारा, एक संवेदनशील हाथ और एक अवसर ही काफी होता है।

खबर संक्षेप



जयकारों के बीच गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन

खरोरा। खरोरा सहित आसपास के गांवों में ग्यारह दिनों तक भगवान श्री गणेश की पूजा-अर्चना के बाद अनंत चतुर्दशी के अवसर पर हवन, पूर्णाहुति एवं गणेश प्रतिमा विसर्जन कार्यक्रम श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। ग्राम परसदा में गणेश उत्सव के दौरान पूरे ग्यारह दिनों तक धार्मिक आयोजन हुए। अनंत चतुर्दशी पर वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हवन एवं पूर्णाहुति कार्यक्रम आयोजित किया गया। पंडित ने मंत्रोच्चारण के साथ श्रद्धालुओं से हवन कुंड में आहुतियां समर्पित कराई। श्रद्धालुओं ने भगवान गणेश से सुख-समृद्धि एवं परिवार की मंगलकामना की। हवन के बाद विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर भगवान गणेश को प्रसाद का भोग लगाया गया तथा श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। विसर्जन के दिन मौसम खराब रहा और रुक-रुककर बारिश होती रही। इसके बावजूद श्रद्धालुओं का उत्साह कम नहीं हुआ।

अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज से अभिषेक ने लिया आशीर्वाद



भाटापारा। अभिषेक उपाध्याय अपने साथियों के साथ परम पूज्य ज्योतिष पीठाधीश्वर शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद जी महाराज से बेमेतरा जिले के सलधा आश्रम जाकर दर्शन आशीर्वाद लिया। ज्ञात हो कि शंकराचार्य सलधा (बेमेतरा) में चातुर्मास कर रहे हैं, इस मौके पर गौ रक्षा पर उनसे पावन मार्गदर्शन प्राप्त किया।

निधन

हेमीन साहू

पलारी। ग्राम साराडीह निवासी हेमीन साहू (56) का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम मे किया गया। वे खिलेश्वर साहू, बालमुकुंद साहू के माता और डेकराम, हितेश, रिद्धि, चुरावण साहू के चाची थी।



अनीता वर्मा

बलौदाबाजार। ग्राम सकरी निवासी अनीता वर्मा का 26 सितंबर को निधन हो गया।उनका अंतिम संस्कार गांव के मुक्तिधाम में किया गया जिसमें गांव के गणमान्य नागरिक शामिल हुए।वे गजेंद्र वर्मा की पत्नी एवं पीलूराम वर्मा की बहू थी।



महानदी का जलस्तर बढ़ा धमनी, अमेठी प्रभावित

महानदी एनीकट पुल से 12 फीट ऊपर पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ पलारी

लगातार बारिश के चलते तथा गंगरेल बांध के सभी 14 गेट खोले जाने के कारण महानदी ने रौद्र रूप ले लिया है महानदी पूरी तरह से उफान पर है,महानदी एनीकट पुल से 12 फीट ऊपर पानी बह रहा है उधर समीप के ग्राम अमेठी और धमनी मे बाढ से वहां के रहवासियों का जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया हैं तथा आने जाने के लिए मार्ग अवरुद्ध हो गया है,खेत खलिहानों भी पानी लबालब है। अमेठी में प्रभावितों के लिए बालाजी मंदिर में ठहरने और खाने पीने की व्यवस्था की गई है। वन विश्राम गृह धमनी पहुँच मार्ग जो दो रास्ते से पहुँचा जा सकता है जंगली नाला के कारण दोनो रास्ते बाधित हो जाने से वन विश्राम गृह धमनी जो महानदी के तट पर स्थित है से 20 मीटर की दूरी पर प्रचण्ड वेग से बहते रौद्र रुप लिए महानदी का विहंगम दृश्य है। 36 घंटे से रूक-रूककर हो रहे वर्षा से यह फायदा हुआ कि, जंगल में जहाँ पर शराबियों द्वारा जगह-जगह पर शराब और प्लास्टिक पाउच, अपच सामग्री के बह कर नाला के



रास्ते महानदी होकर बह गए वही वन्यप्राणिओं ने भी ऊँचे स्थानो पर शरण लिए है। धमनी के सरपंच हरदयाल पैकरा उपसरपंच मिनेंद्र कुमार यादव, वन प्रबंधन समिति धमनी अध्यक्ष रामनारायण यादव, वीट प्रभारी धमनी वन आबिद खान,नवयुवक अध्यक्ष पीलाराम निर्मलकर, एवं सर्व विभागीय अध्यक्ष तेजराम यादव, इको पर्यटन समिति के हिरेन्द यादव, अजय पैकरा,नरोत्तम निषाद, हीरालाल यदु सहित अन्य गणमान्य जन महानदी में आए बाढ़ पर ध्यान केंद्रित किये हुए ग्रामीणों को



सावधान रहने की हिदायतें दिये। दोपहर 1:40 मिनट पर बाढ़ तेजी से बढ़त मे था। यह समाचार लिखने तक बाढ़ बढ़ते क्रम में होने से गणपति विसर्जन गांव-धमनी के तालाब मे करने का निर्णय लिया गया।

कलेक्टर ने दिए निर्देशः कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने सभी एसडीएम एवं तहसीलदारों को पुल -पुलियों में बाढ़ की स्थिति पर कड़ी निगरानी एवं ग्रामीणों को एहतियात बरतने सम्बन्धी सूचना देने कोटवारो के माध्यम से मुनादी कराने के निर्देश दिये है, वहीं बाढ़ प्रभावित पुलों में बेरीकेटिंग एवं कर्मचारी तैनात करने के भी निर्देश दिये है। जिन गांव मे पानी भरने से लोग प्रभावित है उन्हें सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट करने, राहत एवं आपदा प्रबंधन, होमगॉर्ड, पुलिस की टीम को भी अलर्ट रहने निर्देशित किया है।

आवागमन बाधित

गिधौरी। गिधौरी में बाढ का पानी बढ़ने की संभावना के चलते शासन प्रशासन द्वारा अलर्ट जारी कर व्यापारी एवं ग्रामीणों को सुरक्षित सावधानी से रहने की निर्देश किया गया है। गिधौरी से सारंगढ़ मार्ग पर घटमडवा नाला में बाढ का पानी पांच फीट चल रहा है और आवागमन बाधित है। तथा गिधौरी से परसापाली नाला भारी ऊफान पर है गिधौरी चारो तरफ पानी से घिरा है फिर हाल गिधौरी से बलौदाबाजार मार्ग चालु है और गिधौरी-शिवरीनारायण-बिलासपुर मार्ग बंद है। घटमडवा नाला में करीबन पांच फीट पानी चल रहा है एवं परसापाली नाला में भी पांच फीट पानी चल रहा है गिधौरी शिवरीनारायण महानदी शबरी सेतु पुल पर एक फीट पानी ऊपर चल रहा है है और महानदी लबालब भरा हुआ है।



पंचायत मोहान-मलपुरी में घुसा बाढ़ का पानी, प्रशासन मुस्तैद



भवानीपुर। जिला बलौदाबाजार के पलारी क्षेत्र में पिछले तीन दिनों से हो रही लगातार भारी बारिश के कारण गंगरेल बांध रविशंकर सागर जलाशय पूरी तरह भर चुका है। बांध की सुरक्षा को देखते हुए प्रशासन द्वारा 14 गेट खोलकर भारी मात्रा में पानी छोड़ा गया है। इस अत्यधिक जल प्रवाह के कारण पलारी तहसील के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत मोहान और मलपुरी में बाढ़ की स्थिति निर्मित हो गई है, जिससे ग्रामीणों का जनजीवन पूरी तरह से जलमग्न और अस्त-व्यस्त हो गया है। वही मौके पर पहुंच कर अधिकारियों ने लिया जायजा, राहत कार्य जारी बाढ़ की सूचना मिलते ही अनुविभागीय अधिकारी **SDM** और तहसीलदार तुरंत प्रशासनिक टीम के साथ मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का सघन निरीक्षण किया और स्थिति का जायजा लिया। ग्रामीणों की सुरक्षा को सर्वोपरि रखते हुए एसडीएम ने मातहत कर्मचारियों और आपदा प्रबंधन टीम को हर संभव सहायता उपलब्ध कराने के कड़े निर्देश दिए हैं।

सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाए जा रहे ग्रामीण

प्रशासनिक अमले और स्थानीय जनप्रतिनिधियों के सहयोग से बाढ़ प्रभावित परिवारों को सुरक्षित स्थानों राहत शिविरों व सरकारी भवनों में शिफ्ट किया जा रहा है। ग्रामीणों के लिए भोजन, शुद्ध पेयजल और आवश्यक चिकित्सा व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। प्रशासन द्वारा नदी तट और संवेदनशील इलाकों में लगातार निगरानी रखी जा रही है तथा मुनादी कराकर लोगों को जलभराव वाले क्षेत्रों से दूर रहने की अपील की जा रही है।

बारिश से शिवनाथ नदी उफान पर, पुराना पुल डूबा उफान के बीच गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन

सिमगा। अंचल सहित पूरे छतीसगढ में लगातार दो दिनों से हो रहे झमाझम बारिश के चलते जनजीवन बुरी तरह से अस्त व्यस्त हो गया वहीं निचली बस्तियों के घरों में पानी घुस गया। लगातार हो रही बारिश के चलते नगर के बेमेतरा मार्ग में स्थित शिवनाथ नदी के पुराना पुल डुब गया है।

पुल के ऊपर लगभग आठ से दस फिट पानी बह रहा है वहीं नदी में निर्मित फिल्टर प्लांट पानी टंकी, मुक्तिधाम, सहित श्री सिदेश्वर शिव मंदिर के भीतर पानी प्रवेश कर चुका है। आज छोटे छोटे गणेश समितियों द्वारा स्थापित भगवान गणेश की मूर्तियों को गणपति बप्पा मोरिया, अगले बरस तू जल्दी आ के जयकारे एवं बाजे, गाजे धूमाल के साथ नाचते कूदते शिवनाथ नदी



में बप्पा को अंतिम विदाई दी गयी। आज सुबह से ही भगवान गणेश की प्रतिमा की विसर्जन जारी है। नदी बाढ़ देखने एवं विसर्जन देखने भक्तों की भीड़ दिन भर लगी रही। इस दौरान पुलिस प्रशासन द्वारा नदी में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। नगर के प्रमुख गणेश उत्सव समितियों के द्वारा रात्रि में भव्य विसर्जन शोभायात्रा निकाला जाएगा।

गौठान डूबा, स्कूल परिसर में भरा पानी, कई घरों तक पहुंचा बारिश पानी



संडी बंगला। पलारी विकासखंड क्षेत्र में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश और महानदी के बढ़ते जलस्तर ने नदी किनारे बसे मोहान गांव की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। पलारी से करीब 16 किलोमीटर दूर स्थित मोहान गांव के चारों ओर पानी भरने से गांव टापू जैसा नजर आने लगा है। लगातार बारिश के कारण गांव के निचले हिस्सों में जलभराव की स्थिति गंभीर होती जा रही है। महानदी का जलस्तर बढ़ने के साथ कई ग्रामीणों के घरों तक बारिश और नदी का पानी पहुंच गया है। इससे लोगों की रोजमर्रा की जिंदगी प्रभावित हुई है। ग्रामीणों को घर से बाहर निकलने और जरूरी कामकाज करने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अचानक बिगड़े हालात के चलते गांव में चिंता का माहौल बना हुआ है।

मोहान का गौठान पूरी तरह पानी में डूब गया है। वहीं स्कूल परिसर में भी पानी भरने की जानकारी सामने आई है। गांव के आसपास बड़ी मात्रा में पानी जमा होने के कारण कई स्थानों पर आवागमन प्रभावित हुआ है। ग्रामीण लगातार बढ़ते जलस्तर पर नजर बनाए हुए हैं। ग्रामीणों के अनुसार पिछले कुछ समय से लगातार बारिश होने के कारण पानी तेजी से बढ़ रहा है। महानदी का जलस्तर भी बढ़ने से स्थिति और गंभीर हो गई है। गांव के चारों ओर पानी भर जाने से दूर से देखने पर मोहान टापू जैसा दिखाई दे रहा है।

ग्रामीणों ने प्रशासन से गांव की स्थिति पर लगातार निगरानी रखने, जलभराव वाले स्थानों का जायजा लेने और जरूरत पड़ने पर प्रभावित परिवारों के लिए आवश्यक व्यवस्था करने की मांग की है। बारिश का सिलसिला जारी रहने पर गांव में जलभराव और बढ़ने की आशंका बनी हुई है।

तिल्दा डोंगरीडीह मार्ग में भरा पानी

लवन। छत्तीसगढ़ में कुछ दिनों से लगातार हो रही बारिश के कारण गंगरेल बांध में अत्यधिक पानी के भराव को देखते हुए प्रशासन ने गंगरेल बांध के 14 गेट खोले जाने की खबर है जिसके चलते छत्तीसगढ़ के अलग-अलग जिलों क्षेत्र में महानदी का जल स्तर तेजी से बढ़ने के कारण कई गांवों में पहुचने की खबर है। बलौदाबाजार जिला के तहसील लवन से 05 किलोमीटर दूर कसडोल मुख्य मार्ग पर महानदी किनारे बसा ग्राम पंचायत डोंगरीडीह है। जहां महानदी बाढ़ का पानी तिल्दा



डोंगरीडीह मार्ग से होते हुए बह रहा है। पानी लगभग कई फ्रीट पक्की सड़क से ऊपर बहने से जहां मोटरसाइकिल चालकों का आवागमन बाधित है वहीं पैदल यात्रा में लोग रिस्क लेते हुए पार करते हुए नजर आए, शनिवार 26 सितंबर को शाम तक का नजारा कुछ अलग ही रहा। आपको आगे बताते दे कि जिला प्रशासन ने जल भराव को देखते हुए सावधानी बरतने की हिदायत दी गई है।

सेमरिया घाट पुल पर चढ़ा 4 फीट पानी

भाटापारा। पिछले 2 दिनों से रुक-रुक कर हो रही बारिश के कारण नदी -नाले का जल स्तर बढ़ गया है जिससे कई पुल और चेक डेम में बाढ़ की स्थिति निर्मित हो गई है। जिला प्रशासन द्वारा सतर्कता बरतते हुए बाढ़ ग्रस्त पुल-पुलियों को आवागमन के लिये बंद कर दिया गया है। शहर से 7 किलो मीटर दूर शिवनाथ नदी सेमरिया घाट पुल के उपर 4 फ्रीट,पानी बह रहा है जिसके चलते नारायणपुर-बिलासपुर मार्ग बंद हो गया है। पुलिस ने सुरक्षा की दृष्टि से बेरिकेड्स लगाकर आवागमन को बंद कर दिया है नदी के बढते जल स्तर को देखते हुए ग्रामीणों को एहतियात बरतने को कहा है। पुल-पुलियों में बाढ़ की स्थिति पर कड़ी निगरानी एवं ग्रामीणों को एहतियात बरतने सम्बन्धी सूचना देने कोटवारों के माध्यम से मुनादी कराने के



निर्देश दिए हैं, वहीं बाढ़ प्रभावित पुलों में बेरीकेटिंग एवं कर्मचारी तैनात करने के भी निर्देश दिये है। जिन गांव मे पानी भरने से लोग प्रभावित है उन्हें सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट करने, राहत एवं अपादा प्रबंधन, होमगॉर्ड, पुलिस की टीम को भी अलर्ट रहने निर्देशित किया है।

बच्चों ने पौधों की नियमित देखभाल और संरक्षण का लिया संकल्प

100 फल एवं छायादार पौधों का रोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा



पर्यावरण संरक्षण और हरित भविष्य के संकल्प को साकार करते हुए शासकीय प्राथमिक शाला नहरडीह में शुक्रवार को वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों एवं शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों के साथ मिलकर शाला परिसर में लगभग 100 फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण किया। पौधारोपण के साथ बच्चों ने प्रत्येक पौधे की नियमित देखभाल एवं संरक्षण का सामूहिक संकल्प भी लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ग्राम सरपंच अनिल सायतोड़े ने कहा कि वृक्ष केवल पर्यावरण ही नहीं, बल्कि मानव जीवन के आधार हैं। उन्होंने सभी विद्यार्थियों से लगाए गए पौधों को जीवित रखने का आह्वान किया। प्रधान पाठक सरिता वर्मा ने कहा कि विद्यालय में शिक्षा के साथ प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता विकसित करना भी महत्वपूर्ण है। सहायक शिक्षक प्रदीप खुटे ने विद्यार्थियों को पौधों की सिंचाई, सुरक्षा एवं नियमित देखरेख की जिम्मेदारी निभाने की प्रेरणा दी। शाला समिति अध्यक्ष पुनाराम मारकंडे ने जनसहभागिता को हरित समाज की सबसे बड़ी शक्ति बताया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत सचिव भारती साहू, जसवंत साहू, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के सदस्य तथा समस्त विद्यालयीन छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समापन पर सभी ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेते हुए विद्यालय परिसर को हरा-भरा बनाए रखने का प्रण लिया।

खबर संक्षेप



ग्राम पंचायत छड़िया में आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम आयोजित

खरोरा। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायत छड़िया में आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 01 की कार्यकर्ता टिकेश्वरी वर्मा, केंद्र क्रमांक 02 की कार्यकर्ता फूलकुमारी कुर्रे, सहायिका देवकी कोशले एवं प्रियंका महिलांग, तथा मितानिन रत्ना वर्मा व संजू चतुर्वेदी का पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा उपहार भेंट कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम के दौरान "स्वस्थ बच्चा, स्वस्थ मां" अभियान के अंतर्गत मीनाक्षी मनहरे का भी सम्मान किया गया। साथ ही आंगनबाड़ी के नन्हे बच्चों को शैक्षणिक एवं मनोरंजक खिलौनों का वितरण किया गया, जिससे बच्चों में उत्साह का वातावरण रहा। इस अवसर पर ग्राम पंचायत की सरपंच सरिता उगेंद देवांगन, पंच ईश्वरी मनहरे, केशव वर्मा, विनोद कुर्रे, आरती, प्रियंका, किरण, कविता एवं लैनी सहित पंचायत प्रतिनिधियों ने मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, पोषण तथा प्रारंभिक शिक्षा के क्षेत्र में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और मितानिनों की सराहनीय सेवाओं की प्रशंसा की। कार्यक्रम का उद्देश्य बाल विकास एवं जनस्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े कर्मियों का सम्मान कर समाज में सेवा और जनजागरूकता की भावना को प्रोत्साहित करना रहा।

जिले में सेवा सेतु शिविर 1 अक्टूबर से



बलौदाबाजार। सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत जिले मे 1 अक्टूबर से 7 अक्टूबर 2026 तक सेवा सेतु शिविर का आयोजन किया जाएगा। हर विकासखंड मे एक चिहांकित ग्राम मे विशाल शिविर लगाए जाएंगे जिसमें लोगों के आवेदनों का तत्काल निराकरण किया जाएगा। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने शुक्रवार को अधिकारियों की बैठक लेकर शिविर की तैयारी के सम्बन्ध जरुरी निर्देश दिये। कलेक्टर श्री शर्मा ने कहा कि सेवा सेतु शिविर जिला स्तरीय शिविर शिविर होग़ा जिसमें सभी विभागों के स्टॉल लगाए जाएंगे औऱ जिला अधिकारी भी उपस्थित रहेंगे। उन्होंने कहा कि इस शिविर मे विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को लाभान्वित भी किया जाएगा। उन्होंने एसडीएम एवं जनपद सीईओ को शिविर की व्यापक तैयारी समय पर पूरा करने के निर्देश दिये। बताया गया शिविर सबसे पहले 1 अक्टूबर को विकासखंड बलौदाबाजार के ग्राम पंचायत पनगांव के कृषि उपज मण्डी मे लगाई जाएगी। 3 अक्टूबर को विकासखंड भाटापारा के ग्राम बोडतरा स्थित शासकीय हाई स्कूल बोडतरा, 5 अक्टूबर को विकासखंड पलारी के ग्राम पंचायत छेरकापुर, 6 अक्टूबर को विकासखंड कसडोल के ग्राम पंचायत कोसमसरा क एवं 7 अक्टूबर को विकासखंड सिमगा के ग्राम कामता मे होग़ा।

पर्व : भावुक विदाई नम आंखों से ग्रामीणों ने बप्पा को विदाई दी

श्रद्धा और उत्साह के साथ हुआ गणेश प्रतिमा का विसर्जन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार





ग्राम डोटोपार में शनिवार को भगवान श्री गणेश की प्रतिमा का श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ विसर्जन किया गया। विसर्जन में समिति के सदस्यों एवं श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर भगवान गणेश से सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। गणेश प्रतिमा को मांदर की थाप, भजनों और जयकारों के साथ विसर्जन स्थल तक ले जाया गया। इस दौरान "गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आ" के जयघोष से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। समिति के सदस्यों एवं श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर गणेशोत्सव का समापन किया। आयोजन को सफल बनाने में समिति के सदस्यों एवं वार्डवासियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। इस अवसर पर हेमंत गायकवाड, दिलीप, नामेंद्र, शीतल, राकेश, हेमलाल, हरपल, जयकुमार, लोकेश, निखिल, ओमप्रकाश, सुनील कुर्रे, अनिल, दिनदयाल, मुकेश, गुलशन, योगेश, धीरज, थामन, डेजीत, लुकेश्वर, भुनेश्वर, लिकेश, होरीलाल, चंद्रप्रकाश, चंद्र कुमार, रिखीराम, राजा, गैंदराम बंजारे, नीलकंठ, दाउराम, भगत, ओमप्रकाश मनहरे, धनबा गायकवाड एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।

हर्षोल्लास के साथ हुआ गणेश विसर्जन



मुंडा। आदर्श ग्राम पंचायत मुंडा के मैन रोड नहर पुलिया के पास शनिवार को हर्षोल्लास के साथ हुआ गणेश विसर्जन गणेश चतुर्थी के दिन से विराजित विघ्नहर्ता भगवान गणेश जी की 11 दिन तक सुबह शाम मंगल आरती करते हुए भगवान की भक्ति में डूबे रहे। अनंत चतुर्दशी 25 तारीख शुक्रवार को उपरोहित विजय महाराज के द्वारा हवन पूजन कार्यक्रम किया गया और शनिवार को आरती कर हर्षोल्लास के साथ गणपति बप्पा मोरिया अगले बरस तू जल्दी आ विघ्नहर्ता गणेश जी की जयकारा लगाते हुए वर्मा परिवार ने नम आंखों से विदाई किया, जिसमें साम्लित रामकुमार वर्मा, रम्मूलाल वर्मा, कुबेर राम वर्मा, सूमेर वर्मा, अमरनाथ, मोरध्वज वर्मा, तुकाराम, कमलेश, डूगेशवर, ढालबाई, ईतवारा, सरोजिनी, शशिकला, गंगाबाई, मेनका, अमरैवतीन, पूर्णिमा, मोनिका, हिमांशी, नंदी सहित पूरा परिवार सम्मिलित रहे।

मोहरेंगा में गणेश प्रतिमा का किया गया विसर्जन



खरोरा। संकुल केंद्र मोहरेंगा के अंतर्गत शासकीय नवीन प्राथमिक शाला मोहरेंगा में बाल कैबिनेट एवं गणेशोत्सव समिति के सहयोग से विराजमान गणेश की प्रतिमा को गणेशोत्सव के समापन अवसर पर बड़े हर्षोल्लास एवं भक्तिभाव के साथ विदाई दी गई। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकों, छात्र-छात्राओं एवं गणमान्य नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। गणपति बप्पा की पूजा-अर्चना के पश्चात श्रद्धालुओं ने "गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आ" के जयघोष के साथ भगवान श्री गणेश जी को भावभीनी विदाई दी। गणेशोत्सव के दौरान विद्यालय परिसर में भक्तिमय वातावरण बना रहा। बाल कैबिनेट एवं गणेशोत्सव समिति के सदस्यों ने आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। विदाई के दौरान सभी ने भगवान गणेश से सुख, समृद्धि एवं शांति की कामना की।

गणेश की प्रतिमाओं का तालाबों में पूरे विधि विधान के साथ विसर्जन किया



भवानीपुर। ग्राम भरूवाडीह गिधपुरी खपरी क्षेत्र में दस दिनों तक चलने वाले पावन गणेशोत्सव का समापन अत्यंत श्रद्धा और भावुक माहौल में हुआ। ग्राम भरूवाडीह, गिधपुरी, खपरी और उनके आस-पास के ग्रामीण अंचलों में भगवान गणेश की प्रतिमाओं का विनम्र भाव से तालाबों में विसर्जन किया गया। विघ्नहर्ता श्री गणेश की अंतिम आरती के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण और श्रद्धालु उपस्थित रहे। 'गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आ' के जयकारों से पूरा माहौल गूंज उठा। मुख्य आकर्षण और विसर्जन यात्रा महा आरती और छप्पन भोग विसर्जन से पहले सभी पूजा पंडालों और घरों में विघ्नहर्ता की विशेष महा आरती की गई। भगवान को मोदक और विभिन्न प्रकार के व्यंजनों का भोग लगाया गया।भक्तिमय माहौल आरती के बाद पारंपरिक बाजे-गाजे, ढोल-ताशों और गुलाल के साथ भव्य विसर्जन यात्रा निकाली गई। ग्रामीण पारंपरिक भजनों और गीतों पर झूमते नजर आए। और सुख-समृद्धि की कामना करते हुए स्थानीय तालाबों में प्रतिमाओं का ससम्मान विसर्जन किया। सुरक्षा और स्वच्छता का रखा गया ध्यान समिति के सदस्यों और स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से विसर्जन के दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम रहे। तालाबों के घाटों पर विसर्जन को सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न कराया गया, ताकि किसी भी अप्रिय स्थिति से बचा जा सके। विसर्जन के बाद घाटों की स्वच्छता बनाए रखने का संकल्प भी ग्रामीणों द्वारा लिया गया।

करही बाजार में दिखा उत्साह



करहीबाजार। श्री मौर्य गणेश समिति द्वारा अनंत चतुर्दशी के अवसर पर भगवान गणेश की हवन-पूजन एवं आरती के साथ गणेश उत्सव का विधिवत समापन किया गया। पर्व के समापन अवसर पर श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखने को मिला। नम आंखों के साथ श्रद्धालुओं ने "गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आ" के जयकारे लगाए। पूजा-अर्चना के दौरान समिति के सदस्यों ने भगवान गणेश से परिवार एवं समाज में सुख-शांति, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। हवन में सदस्यों ने विधि-विधान से आहुति देकर क्षेत्र की सुख-समृद्धि एवं सभी के कल्याण की प्रार्थना की। समिति के सदस्यों ने कहा कि गणेश उत्सव श्रद्धा, आपसी भाईचारे और सामाजिक एकता का संदेश देता है। पूरे आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं में उत्साह और भक्ति का माहौल बना रहा। सदस्यों ने अगले वर्ष भी इसी श्रद्धा और उत्साह के साथ गणेश उत्सव मनाने का संकल्प लिया। आयोजन को सफल बनाने में समिति के सदस्यों एवं स्थानीय लोगों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस अवसर पर मयंक पटेल, रामचंद्र, करण ध्रुव, संदीप, आर्यन, कुलेश्वर, दीनू, पंकज, अनुज, लोमेश, सौरभ सहित समस्त समिति सदस्य उपस्थित रहे।

श्रमिक कमला को मिली 20 हजार की आर्थिक मदद

हरिभूमि न्यूज ⏭ गोपालपुर



कभी नवजात बच्चे की देखभाल और घर की जरूरतों के बीच आर्थिक चिंता से जूझ रही ग्राम पठारी की श्रीमती कमला साहू के लिए आज हालात कुछ बदले हुए हैं। रेजा मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करने वाली कमला के लिए मातृत्व का समय इसलिए भी कठिन था, क्योंकि बच्चे की देखभाल के लिए काम से दूर रहने पर रोज की मजदूरी प्रभावित हो रही थी। सीमित आमदनी में घर चलाना और नवजात के पोषण एवं स्वास्थ्य की जरूरतें पूरी करना उनके सामने चुनौती बनी हुई थी। इसी बीच 'सेवा संकल्प अभियान' के दौरान शासन की योजना का लाभ कमला तक पहुंचा और उनके कठिन समय में आर्थिक सहारा मिला। छत्तीसगढ़ शासन के श्रम विभाग द्वारा संचालित मिनीमाता महतारी जतन योजना के अंतर्गत कमला साहू को 20 हजार रुपए की सहायता राशि सीधे उनके बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से प्राप्त हुई। उनके लिए यह राशि सिर्फ आर्थिक मदद नहीं थी, बल्कि उस समय मिली राहत थी, जब मजदूरी प्रभावित होने के कारण परिवार की आय सीमित हो गई थी। सहायता मिलने के बाद कमला अपने नवजात बच्चे के स्वास्थ्य और पोषण पर बेहतर ढंग से ध्यान दे पा रही हैं। बच्चे की जरूरतों को पूरा करने के साथ परिवार के जरूरी खर्चों को संभालने में भी इस राशि ने उनका साथ दिया।

राज्य स्तरीय सॉफ्टबॉल स्पर्धा में संध्या तृतीय

हरिभूमि न्यूज ⏭ करही बाजार



स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय, की कक्षा 8वीं की प्रतिभावान छात्रा कु. संध्या निषाद ने अपनी उत्कृष्ट खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए 26वीं राज्य स्तरीय सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय एवं करही बाजार गाँव का नाम गौरवान्वित किया है।

राज्य स्तरीय सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता का आयोजन 19 से 22 सितंबर तक दंतेवाड़ा मे किया गया, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। संध्या निषाद ने प्रतियोगिता के दौरान शानदार खेल कौशल, अनुशासन, मेहनत और आत्मविश्वास का परिचय देते हुए तृतीय स्थान हासिल किया।

संध्या निषाद का चयन राज्य स्तरीय सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता के लिए उनके बेहतर खेल प्रदर्शन के आधार पर हुआ था। प्रतियोगिता में उन्होंने अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए यह महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की। संध्या, करही बाजार की सरपंच कमला अरुण निषाद की सुपुत्री हैं। उनकी इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार, शिक्षकों, अभिभावकों तथा क्षेत्रवासियों में हर्ष का माहौल है। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय करही बाजार के प्राचार्य ईश्वर देवदास सहित समस्त विद्यालय परिवार एवं ग्राम के गणमान्य नागरिकों ने संध्या निषाद को शुभकामनाएं दीं।



खरोरा में 'आंगन मिलन सेवा' कार्यक्रम आयोजित

पोषण और संस्कार से संवरेगा बच्चों का भविष्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा



एकीकृत बाल विकास परियोजना तिल्दा, जिला रायपुर के अंतर्गत खरोरा वार्ड क्रमांक 10 स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में 'आंगन मिलन सेवा' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत रायपुर के अध्यक्ष नवीन अग्रवाल मुख्य रूप से सम्मिलित हुए। इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं आशा दीदियों का सम्मान किया गया तथा बच्चों के पोषण एवं स्वास्थ्य को लेकर हल्के-फुल्के संवाद के माध्यम से अभिभावकों को महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान बच्चों के पालकों को बच्चों के उचित भरण-पोषण, संतुलित एवं पौष्टिक आहार, स्वास्थ्य और प्रारंभिक देखभाल के संबंध में जागरूक किया गया। साथ ही बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से उन्हें खेल किट भी प्रदान की गई। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल ने कहा कि बच्चों का स्वस्थ और संस्कारवान बचपन ही मजबूत समाज और सशक्त राष्ट्र की नींव है। बच्चों के पोषण, स्वास्थ्य एवं प्रारंभिक शिक्षा में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और आशा दीदियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। वे ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में परिवारों के साथ निरंतर संपर्क में रहकर बच्चों और माताओं के स्वास्थ्य तथा पोषण से जुड़ी महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभा रही हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों को केवल पौष्टिक भोजन ही नहीं, बल्कि सुरक्षित वातावरण, खेल, संस्कार और उचित देखभाल भी मिलना जरूरी है। इसके लिए अभिभावकों और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के बीच निरंतर संवाद और सहभागिता आवश्यक है।

कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं आशा दीदियों के योगदान की सराहना करते हुए उनका सम्मान किया गया। उपस्थित बच्चों और उनके पालकों के साथ सहज एवं आत्मीय वातावरण में पोषण और बच्चों की दैनिक देखभाल से जुड़े विषयों पर संवाद भी किया गया। कार्यक्रम में जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष रश्मि वर्मा, मंडल महिला मोर्चा अध्यक्ष रानी साहू, पार्षद लीला देवांगन, किरण साहू सहित बड़ी संख्या में बच्चों के पालक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाएं उपस्थित रहीं।

